# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज कर्नाटक के बेंगलुरु में श्री विश्वेशतीर्थ मेमोरियल अस्पताल का उद्घाटन किया

श्री विश्वेशतीर्थ मेमोरियल अस्पताल, गरीबों व वंचितों के लिए मुफ्त इलाज का आधुनिक केन्द्र बन वर्षों तक लोगों की सेवा करेगा

पेजावर मठ ने राष्ट्रीय एकता व जबरन धंर्मांतरण को रोकने से लेकर राम मंदिर आंदोलन और सनातन धर्म की सेवा करते हुए देशभर में सम्माननीय स्थान प्राप्त किया है

8 वर्ष की आयु में सन्यास लेने वाले श्री विश्वेशतीर्थ स्वामी जी का जीवन समाज, धर्म व संप्रदाय के लिए समर्पित रहा

स्वामी जी ने धर्म की शिक्षा को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ा और अपना पूरा जीवन शिक्षा, सेवा, स्वास्थ्य और वेदों के प्रचार में लगा दिया

दक्षिण भारत में हिंदू समाज को जातियों में बंटने से बचाने में श्री विश्वेशतीर्थ स्वामी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा

# श्रद्धेय श्री विश्वेशतीर्थ स्वामी जी द्वारा स्थापित श्री कृष्ण सेवाश्रम ट्रस्ट हमेशा से समाज के गरीब और वंचित लोगों की सेवा के लिए काम करता रहा है

प्रविष्टि तिथि: 07 MAR 2025 4:36PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज कर्नाटक के बेंगलुरु में श्री विश्वेशतीर्थ मेमोरियल अस्पताल का उद्घाटन किया।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज कर्नाटक के बेंगलुरु में 2 एकड़ भूमि पर 60 करोड़ रूपए की लागत से 150 बिस्तरों वाले मल्टीस्पेश्यलिटी श्री विश्वेशतीर्थ मेमोरियल अस्पताल का लोकार्पण हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीबों और समाज के निचले तबके के लोगों के लिए मुफ्त इलाज का ये आधुनिक केन्द्र वर्षों तक लोगों की सेवा करेगा। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में 60 प्रतिशत बिस्तर गरीबों के लिए आरक्षित रखे गए हैं और इस केन्द्र को कई अत्याधुनिक सेवाओं से युक्त किया गया है। श्री शाह ने कहा कि श्री कृष्ण सेवाश्रम ट्रस्ट हमेशा से समाज के गरीब और वंचित लोगों की सेवा के लिए काम करता रहा है। उन्होंने कहा कि इस ट्रस्ट की स्थापना श्रद्धेय श्री विश्वेशतीर्थ स्वामी जी ने की और आज उनके उत्तराधिकारी श्री विश्वप्रसन्नतीर्थ स्वामी जी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां श्री कृष्ण मेडिकल सेंटर, श्रीकृष्ण नेत्रालय, दंतालय, श्री विश्वप्रसन्नतीर्थ मेमोरियल क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में सभी गरीबों के लिए इससे अच्छा उपचार का केन्द्र कोई नहीं हो सकता।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पेजावर मठ न सिर्फ कर्नाटक और दक्षिण भारत बल्कि पूरे भारत के सभी मठों में एक प्रमुख मठ है जो एक प्रकाश स्तंभ के रूप में भी काम करता है। उन्होंने कहा कि पेजावर मठ ने ही पूरे दक्षिण भारत सहित देशभर में श्री विश्वेशतीर्थ स्वामी जी की अगुवाई में राष्ट्रीय एकता, जबरन धंर्मांतरण को रोकने, राममंदिर आंदोलन और हिंदुत्व और सनातन धर्म की सेवा को लंबे समय से जारी रखकर पूरे देश में सम्माननीय स्थान प्राप्त किया है। श्री शाह ने कहा कि उडुपी में स्थित पेजावर मठ अष्टमठों में से एक है और इस मठ ने श्री माधवाचार्य जी के बताए रास्ते पर चलते हुए भक्ति मार्ग से श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए अनेक लोगों को आगे ले जाने का काम किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि श्री विश्वेशतीर्थ स्वामी जी जैसा संत मिलना आज के समय में बेहद कठिन है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी हमेशा समाज, धर्म और संप्रदाय के लिए ही जिए और उन्होंने 8 वर्ष की आयु में सन्यास लेकर अपना आठ दशक का जीवन आध्यात्म को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि न सिर्फ हिंदू धर्म बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा में भी स्वामी जी हमेशा प्रथम पंक्ति में रहे। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2020 में स्वामी जी को पद्म विभूषण दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए भी स्वामी जी ने हमेशा आगे रहकर काम किया। उन्होंने कहा कि हिदू समाज को जातियों में बांटने से बचाने में दक्षिण भारत में स्वामी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सेवा, स्वास्थ्य और वेदों के प्रचार में स्वामी जी ने अपना पूरा जीवन लगा दिया। श्री शाह ने कहा कि स्वामी जी ने धर्म की शिक्षा को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज उनकी परंपरा आगे बढ़ रही है और उडुपी मठ से देश को बहुत अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि राममंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की सभी धार्मिक क्रियाओं में पेजावर मठ का बहुत प्रमुख योगदान रहा। उन्होंने कहा कि 2014 में जब श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने, तब जिन संतों ने दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री मोदी जी को आशीर्वाद दिया था, उनमें स्वामी जी सबसे प्रमुख थे।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 साल में लोगों के आरोग्य और वैलनेस पर बहुत ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, फिट इंडिया अभियान, पोषण मिशन, मिशन इंद्रधनुष, आयुष्मान भारत योजना और जलजीवन मिशन स्वस्थ भारत अभियान के अलग-अलग अंग हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य को संभाला जा सकता है, फिटनेस से स्वास्थ्य को चिरंजीव बनाया जा सकता है, पोषक और संतुलित आहार ही मनुष्य के शरीर को स्वस्थ रख सकता है। श्री शाह ने कहा कि मिशन इंद्रधनुष के तहत सभी प्रकार के टीकाकरण को समाहित किया, जलजीवन मिशन से फ्लोराइडरहित पानी को हर घर पहुंचाया और आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख तक का सभी इलाज मुफ्त करने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया। उन्होंने कहा कि जब तक धार्मिक और सेवाभावी संस्थाएं स्वास्थ्य अभियान को आगे न बढ़ाएं तब तक ये कभी सफल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि आज स्वामी जी की स्मृति में बना ये अस्पताल समाज को स्वस्थ रखने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

*****

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2109107) आगंतुक पटल : 131

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English